Regarding problems in Rani Durgavati Medical College in Banda District, Uttar Pradesh

श्रीमती कृष्णा देवी शिवशंकर पटेल **(बांदा)** : माननीय सभापति महोदय मै आपको धन्यवाद देती हूं कि आपने मुझे बोलने का अवसर दिया ।

महोदय, मैं आपका ध्यान उत्तर प्रदेश के बांदा जिले के रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज की तरफ आकर्षित करना चाहती हूं । वहां चिकित्सा सुविधाएं नाममात्र की हैं । इस मेडिकल कॉलेज में मूलभूत जरूरतें/ आवश्यकतायें जैसे पीने का पानी, सफाई आदि की स्थिति बहुत ही दयनीय है । यहां की लिफ्ट भी काफी समय से संचालित नहीं है । मरीजों को उनके तीमारदारों द्वारा कंधे पर उठाकर वार्ड में ले जाना पडता है । इस मेडिकल कालेज की अति गम्भीर समस्या यह है कि किसी भी विभाग के विभागाध्यक्ष महीने में सिर्फ एक दिन आते हैं । अन्य कार्य दिवसों में अपने व्यक्तिगत अस्पतालों में मरीज देखने का काम करते हैं, जिससे मरीजों को अत्यधिक परेशानी होती है ।

12.14 hrs

At this stage, Sushri S. Jothimani and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.

HON. CHAIRPERSON: Jothimaniji, this is not fair. This is not fair.

? (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Krishna Deviji, kindly conclude now.

? (*Interruptions*)

श्रीमती कृष्णा देवी शिवशंकर पटेल : महोदय, इस मेडिकल कालेज में डाक्टरों द्वारा मरीजों को बाहर से दवा लाने के लिये बाध्य किया जाता है एवं पैथालॉजी द्वारा सही जांच नहीं की जाती । डॉक्टरों द्वारा बाहर जांच करवाने के लिये कहा जाता है । अतः आपसे अनुरोध है कि सदन के माध्यम से लोकहित के इन बिन्दुओं पर माननीय स्वास्थ्य मंत्री गम्भीरतापूर्वक विचार करें । धन्यवाद ।